# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 3 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 3 2020

समय :3 घण्टा] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक-एक (1x5x5=25) अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 - शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा: 30 शब्द से 75 शब्द है। प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा :75 शब्द से 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 120 शब्द से 150 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3= 10) दस अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा : 200 शब्द से 250 शब्द है।

(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1×5=5

(i) सूर के पदों की भाषा है-

(क) अवधी, (ख) ब्रज, (ग) बघेली, (घ) बुन्देलखण्डी।

(ii) लोक संस्कृति का जन्म हुआ है-

(क) शहरों में, (ख) गाँवों में, (ग) कस्बों में, (घ) विद्यालयों में।

(iii) घनश्याम की बहन का नाम क्या था ?

(क) शारदा, (ख) सुन्दरी, (ग) सरस्वती, (घ) श्यामा।

(iv) निः + चल = निश्चल कौन-सी संधि का उदाहरण है ?

(क) विसर्ग, (ख) स्वर, (ग) व्यंजन, (घ) दीर्घ स्वर।

(v) चौपाई में मात्राएँ होती हैं-

(क) 12, (ख) 24, (ग) 15, (घ) 16.

उत्तर-(i) (ख), (ii) (ख), (iii) (ग), (iv) (क), (v) (घ)।

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए- 1x5=5

(i) पद्माकर ........ के प्रमुख कवियों में से एक हैं। (रीतिकाल/भक्तिकाल)

(ii) आधुनिक हिन्दी साहित्य के जन्मदाता ......... हैं। (आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी/ भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

(iii) अमरकंटक की केन्द्रीय सत्ता तो .......... है। (नर्मदा/माई की बगिया)

(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार .......... हैं। (तीन/आठ)

(v) शृंगार रस का स्थायी भाव .......... है। (हास/रति)

उत्तर-(i) रीतिकाल, (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, (iii) नर्मदा, (iv) आठ, (v) रति।

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य लिखिए- 1x5=5

(i) प्रबन्ध काव्य में पूर्वापर सम्बन्ध नहीं होता है।

(ii) पुरुषों में उत्तम पुरुषोत्तम कहलाता है।

(iii) निन्दक समाज में सम्मान के पात्र होते हैं।

(iv) शिबू मोहन का लड़का है।

(v) कवि अभिमन्यु अनन्त नियति से प्रश्न करते हैं।

उत्तर-(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) सत्य।

प्रश्न 4. निम्नलिखित का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) उद्बोधन | (क) सांदीपन |
| (ii) श्रीकृष्ण के गुरु | (ख) घनश्याम |
| (iii) सरस्वती | (ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (iv) विद्यालय | (घ) लोक सीमा उल्लंघन |
| (v) अतिश्योक्ति अलंकार | (ङ) स्वर संधि |

उत्तर-(i)→ (ग), (ii)→ (क), (iii)→ (ख), (iv)→ (ङ), (v)→ (घ)।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए- 1x5=5

(i) भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था ?

(ii) उपासना करने वाला क्या कहलाता है ?

(iii) आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को क्या कहते हैं ?

(iv) लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ है ?

(v) बिना विचारे काम करने से क्या होता है ?

उत्तर-(i) मार्गरेट एलिजाबेथ, (ii) उपासक, (iii) संचारी भाव, (iv) गाँवों में, (v) पश्चाताप।

प्रश्न 6. श्रीकृष्ण के माथे पर लगे टीके की तुलना किससे की गई है ? 2

अथवा

प्रत्येक सफल राहगीर क्या लेकर आगे बढ़ा है ?

प्रश्न 7. निर्गुण और सगुण भक्ति में क्या अन्तर है ? 2

अथवा

बच्चे की आँखों की तुलना किससे की गई है ?

प्रश्न 8. कौआ और कोयल के उदाहरण से कवि क्या सन्देश देना चाहते हैं ? 2

अथवा

पद्माकर के अनुसार बसन्त का प्रभाव कहाँ-कहाँ दिखाई देता है ?

प्रश्न 9. जीवन की परिभाषा क्या है ? स्वाधीन जगत में कौन जीवित रह सकता है? 2

अथवा

दयामयी माता के तुल्य किसे माना गया है ?

प्रश्न 10. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता में क्या आशय छिपा है ? 2

अथवा

कवि ने नई सभ्यता का स्वरूप कैसा बताया है ?

प्रश्न 11. कृष्ण ने शिशुपाल का वध कर माहिष्मति की गद्दी पर किसे बैठाया ? 2

अथवा

गेहूँ और गुलाब किसके प्रतीक हैं ?

प्रश्न 12. ललित कलाओं का ग्राम्य-जीवन में क्या महत्व है ? 2

अथवा

पुरुषोत्तम के समक्ष कौन-सा धर्मसंकट उपस्थित हुआ है ?

प्रश्न 13. 'मातृभूमि का मान' एकांकी के आधार पर वीरसिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

'परीक्षा' कहानी के आधार पर सुजान सिंह के चरित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 14. यक्ष के, संसार के सबसे बड़े आश्चर्य सम्बन्धी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया ? 2

अथवा

कवि अजहर हाशमी ने बेटियों को गौरवगाथाएँ क्यों कहा है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद करके सन्धि का नाम लिखिए- 2

(i) हिमालय, (ii) परोपकार।

अथवा

निम्नलिखित के समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए-

(i) प्रतिदिन, (ii) लम्बोदर।

प्रश्न 16. महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

अथवा

स्थायी भाव और संचारी भाव में कोई दो अन्तर लिखिए।

प्रश्न 17. स्वामी विवेकानन्द से निवेदिता की मुलाकात कब, कहां और कैसे हुई ? 3

अथवा

"अमरनाथ एक सच्चा मित्र है।" क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए- 3

(i) जो दूसरों के किये उपकार को मानता हो।

(ii) जो सब कुछ जानता हो।

(iii) नीति का बोध कराने वाला।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) आँख का तारा, (ii) दिन-रात एक करना, (iii) फूला न समाना।।

प्रश्न 19. वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

अथवा

उल्लाला छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 20. चार प्रगतिवादी कवि और उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए। 4

अथवा

रीतिकाल की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. आधुनिक काल की दो विशेषताएँ लिखते हुए बताइए कि इसे गद्यकाल क्यों कहते हैं? 4

अथवा

रिपोर्ताज किसे कहते हैं ? किन्हीं दो रिपोर्ताज लेखकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 22. मलिक मुहम्मद जायसी अथवा महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- http://www.mpboardonline.com 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला कक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. श्रीलाल शुक्ल अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न-24. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ, प्रसंग सहित कीजिए- 4

कबहूँ ससि माँगत आरि करें, कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरें।
कबहूँ करताल बजाइ मैं नाचत, मातु सबै मन मोद भरें।
कबहूँ, रिसिआइ कहैं हठिकैं, पुनि लेत सोई जेहि लागि अरें,
अवधेश के बालक चारि सदा, तुलसी मन-मन्दिर में बिहरैं।

अथवा

बाँध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बंधन सजीले ?
पंथ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगीले।
विश्व का क्रन्दन भुला देगी मधुप की मधुर गुनगुन,
क्या डुबो देंगे तुझे यह फूल के दल ओस-गीले ?
तू न अपनी छाँह को अपने लिए कारा बनाना ?
जाग तुझको दूर जाना।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए 1+1+2=4

कृष्ण भारतवर्ष के लिए एक अमूल्य निधि हैं , वे हमारी राष्ट्रीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि हैं। जिस प्रकार पूर्व और पश्चिम के समुद्रों के बीच प्रदेश को व्याप्त करके गिरिराज हिमालय पृथ्वी के मानदण्ड की तरह स्थित है , उसी प्रकार ब्रह्मधर्म और

क्षात्रधर्म इन दो मर्यादाओं के बीच की उच्चता को व्याप्त करके श्रीकृष्ण-चरित्र पूर्ण मानवी-विकास के मानदण्ड की तरह स्थित है।

अथवा

"बदलते हुए समय में लोक संस्कृति के बदलते हुए रूप से इन्कार नहीं किया जा सकता। लोक साहित्य में युग के अनुकूल अपने को ढालने की और नया युग का मार्गदर्शन करने की अपूर्व क्षमता होती है। चुनौती के सामने सिर झुकाना लोक का स्वभाव नहीं है। लोक की गंगा तो युग-युग से प्रवाहमान रही है।"

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है , किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन नहीं जाती , बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम स्वतंत्र हैं। हमें बायीं तरफ से चलना चाहिए, किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी हम छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें।

प्रश्न-(i) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 27. अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें अपनी शैक्षिक प्रगति और लक्ष्य का उल्लेख किया गया हो। 5

अथवा

अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए जिसमें स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र की मांग की गई हो।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 5

(i) विज्ञान और प्रौद्योगिकी, (ii) वृक्षारोपण, (iii) राष्ट्रीय एकता और अखण्डता, (iv) विद्यार्थी जीवन, (v) भारतीय समाज में नारी का स्थान।

प्रश्न 28. (ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए-

(i) समाचार-पत्र, (ii) वर्षा ऋतु का वर्णन, (iii) गणतंत्र दिवस, (iv) किसी मैच का आँखों देखा वर्णन, (v) भारत की सांस्कृतिक एकता।